पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर

———————

राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में किया ध्वजारोहण

———————

‘मेरी माटी मेरा देश’ के अंतर्गत दिलाई गई पंच प्रण की शपथ

———————

राजभवन में स्थापित हुई अमृत वाटिका, 25 चंदन के पौधों का हुआ वृक्षारोपण

———————

राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों की ‘हर घर तिरंगा’ रैली को किया रवाना

———————

लखनऊः 15 अगस्त, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

ध्वजारोहण के पश्चात राज्यपाल जी ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं सम्मानित अतिथियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई और सबने विकसित भारत के निर्माण, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व, राष्ट्र उत्थान, देश की एकता के प्रति तत्परता, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य एवं दायित्वों का पालन, राष्ट्र रक्षा,सम्मान और प्रगति के लिए समर्पण की शपथ ली।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने राजभवन परिसर स्थित 'नक्षत्र वाटिका' में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से चंदन के पौधों की अमृत वाटिका स्थापित की। वाटिका में राज्यपाल जी के साथ अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, मुख्य महाप्रबन्धक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लखनऊ मण्डल, लखनऊ श्री शरद एस. चांडक, बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगणों ने चंदन 25 पौधों का रोपण किया। राज्यपाल जी ने बैंक अधिकारियों को इन पौधों की समुचित देख–देख के लिए भी प्रेरित किया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज राजभवन में जारी कार्यक्रमों के क्रम में राज्यपाल जी ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली को झण्डा दिखाकर रवाना किया। रैली में राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी, राजभवन में अध्यासित परिवारों के सदस्यों ने हाथ में तिरंगा लेकर देश प्रेम के जोश और उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। यह रैली राजभवन से होते

हुए परिवर्तन चौक, नूरमंजिल, रॉयल होटल चौराहे से होकर राजभवन आकर सम्पन्न हुई।

———

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361